# हिन्दी

## (दूर्वा)(पाठ 6)(बृजमोहन गुप्त – सागर यात्रा)
## (कक्षा 8)

*प्रश्न अभ्यास*

**1. पाठ से**

**क:**

सागर यात्रा में नौका को सँभालने के लिए हर समय एक व्यक्ति की जरूरत थी। क्यों?

**क:**

सागर यात्रा में एक अन्य व्यक्ति की जरूरत इसलिए होती है जिससे कि वह चक्के को संभाल सके और व्हेल मछली और द्वीपों का ध्यान रख सके ।

**ख:**

वे लोग समुद्र की यात्रा कर रहे थे। समुद्र यात्रा में भी उन्हें पानी की समस्या क्यों हुई?

**ख:**

समुद्र का पानी खारा होने के कारण पीने और नहाने के काम नहीं आ सकता इसलिए लोगों को पानी की समस्या हुई।

**2. खतरे**

हम सब इस अभियान के खतरों को जानते थे। समुद्री यात्रा में उन यात्रियों को कौन–कौन से खतरों और परेशानियों का सामना करना पड़ा था?

**उत्तर 2:**

समुद्री अभियान में सबसे ज्यादा परेशानी पानी तथा व्हेल मछलियों की थी । एक बार जहाज के तूफान में दूर चले जाने से उनको लगने लगा कि उनकी नौका भी किनारे से टकराकर टूट जाएगी सारे रक्षा उपकरण खो जाने और पंद्रह दिन तक रेडियों संपर्क टूट जाने से सभी को ऐसा लगने लगा था कि तृष्णा लापता हो गई है । लेकिन फिर भी सभी लोग अपनी मंजिल को पाने में सफल हो गए ।

**6. विशेष जगहों के नाम**

'बंदरगाह' समुद्र के किनारे की वह जगह होती है जहाँ पानी के जहाज नौकाएँ आदि ठहरते हैं। पता लगाओ इन जगहों पर क्या होता है–

**क:**

अस्तबल

**क:**

अस्तबल में घोड़े रहते हैं

**ख:**

हवाई–अड्डा

**ख:**

हवाई अड्डे पर हवाई जहाज आते जाते रहते हैं ।

**ग:**

पोस्ट–ऑफिस

**ग:**

पोस्ट–ऑफिस से पत्रों का आदान प्रदान होता है ।

**घ:**

अस्पताल

**घ:**

अस्पताल में रोगियों का इलाज किया जाता है ।

**ङ:**

न्यायालय

**ङ:**

न्यायालय में मुकदमों की सुनवाई और उन पर फैसले किए जाते हैं।

**च:**

बाजार

**च:**

बाजास से सामान की खरीद फरोख्त की जाती है ।

**13. सही उपसर्ग लगाओ–**

अ, स

ऊपर बॉक्स में दिए गए उपसर्ग लगाकर सार्थक शब्द बनाओ।

**क:**

सफल +

**क:**

अ = असफल

**ख:**

स्वागत +

**ख:**

सु = सुस्वागत

ग:

विश्वास +

ग:

अ = अवि  वास

घ:

कन्या +

घ:

सु =सुकन्या

ङ:

पुत्र +

ङ:

सु = सुपुत्र

**14.**

**सही वाक्य**

में, ने, को, का, के लिए, से, पर

तालिका में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों में भरो।

क:

सीमा .............. फल खाए।

क:

ने

ख:

रोहित .............. पेन नया है।

ख:

का

ग:

माँ–बच्चों .............. मिठाई लाई।

ग:

के लिए

घः

हमने रस्सी .............. कपड़े सुखाए।

घः

पर

ङः

मैंने बैग .............. किताबें रखीं।

ङः

में

चः

पौधे .............. गमलों में रखो।

चः

को

छः

केरल जम्मू .............. बहुत दूर है।

छः

से